पंचायत आम निर्वाचन, 2021

**अत्यावश्यक**

# राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

# STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

पत्र संख्या- पं0नि0 30-209/2021 - 3667

प्रेषक,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
सरस्वती प्रेस, 11, बी.टी. रोड,
कोलकाता - 700 056.

पटना, दिनांक - 10.09.2021.

**विषय : पंचायतों एवं ग्राम कचहरी का आम निर्वाचन,2021 – पंच एवं सरपंच पदों के लिए मतदान हेतु मुद्रित मतपत्रों में सीरीज आवंटित करने के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि पंचायत आम निर्वाचन 2021 में पंच एवं सरपंच का निर्वाचन मतपत्रों के माध्यम से मतदान कराने का निर्णय लिया गया है जिसमें अभ्यर्थियों के नाम तथा उन्हें आवंटित निर्वाचन प्रतीकों के साथ मतपत्र मुद्रित कराये जाने हैं। इस क्रम में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि मतपत्रों में अभ्यर्थियों का नाम तथा उन्हें राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आवंटित निर्वाचन प्रतीकों के साथ मतपत्रों का संख्याकरण भी अंकित रहेगा और यह संख्याकरण ग्राम कचहरी सरपंच तथा ग्राम कचहरी पंच के लिए अलग-अलग सीरीज में किया जायेगा जिसका उल्लेख मतपत्र तथा उसके प्रतिपर्ण (counterfoil) में भी रहेगा।

2. राज्य निर्वाचन आयोग के उपर्युक्त निर्णयानुसार निम्न दो पदों के मतपत्र में अंकित करने हेतु निम्न प्रकार से सीरीज का आवंटन किया जाता है :-

| क्रम संख्या | पद का नाम | आवंटित सीरीज | |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम कचहरी सरपंच | GKS | 000001 से 999999 |
| 2. | ग्राम कचहरी पंच | GKP | 1/0001 से 9999, |
| | | GKP | 2/0001 से 9999 इत्यादि** |

**GKP 1/ का मतलब ग्राम कचहरी पंच के चुनाव हेतु गठित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र संख्या-1, GKP 2/ का मतलब ग्राम कचहरी पंच के चुनाव हेतु गठित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र संख्या-2 इत्यादि है, अर्थात किसी ग्राम कचहरी के लिए यदि 19 प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का गठन किया गया है तो उक्त ग्राम कचहरी के लिए सीरीज होंगे GKP 1, GKP 2 ....................तथा GKP19 ।

4. अनुरोध है कि राज्य निर्वाचन आयोग के उपर्युक्त निर्णय के अनुसार ही कचहरी के उक्त सभी पदों के मतपत्रों की मुद्रण हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय।

विश्वासभाजन,

सचिव।

ज्ञापांक – पं0नि0 30-209/2021 – 3667 पटना, दिनांक – 10.09.2021

प्रतिलिपि, आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक – पं0नि0 30-209/2021 – 3667 पटना, दिनांक – 10.09.2021.

प्रतिलिपि, सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक – पं0नि0 30-209/2021 – 3667 पटना, दिनांक – 10.09.2021.

प्रतिलिपि, प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।